## नागौद में खाद संकट: किसान बेहाल, प्रशासन पर भारी दबाव

# चकाजाम करने पर लगभग 150 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

यूरिया खाद के संकट ने सतना और मैहर जिले के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। खाद की कमी के कारण किसानों में भारी आक्रोश है और हालही में नागौद में किसानों ने सड़क जाम कर अपना विरोध दर्ज कराया,जिसके बाद पुलिस ने करीब 150 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।





हरिभूमि न्यूज, सतना।

पुलिस वीडियो फुटेज के आधार पर प्रदर्शनकारियों की पहचान कर रही है। वहीं,प्रशासन खाद वितरण को पारदर्शी बनाने की पूरी कोशिश कर रहा है। एसडीम सिटी (रघुराजनगर) स्वयं खाद वितरण केंद्रों पर मौजूद रहकर किसानों को ई-डिस्प्ले सिस्टम और टोकन के जरिए चार बोरी यूरिया खाद दिलवा रहे हैं। गुरुवार को एसडीएम श्री सिलाड़िया ने सिविल लाइन स्थित खाद गोदाम का निरीक्षण किया और अपनी देख रेख में खाद का वितरण सुनिश्चित कराया। उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रों में यूरिया की सप्लाई की व्यवस्था की गई है और ई-डिस्प्ले सिस्टम से किसानों को खाद दी जा रही है। इस नई व्यवस्था से किसानों को टोकन मिलने के बाद घंटों कतार में खड़े रहने की जरूरत नहीं है,क्योंकि टोकन नंबर डिस्प्ले होने पर ही संबंधित व्यक्ति को खाद उपलब्ध कराई जाती है। उप संचालक कृषि आशीष पांडेय और मार्कफेड की डीएमओ नेहा तिवारी ने बताया कि सतना और मैहर जिले में यूरिया की उपलब्धता मांग की तुलना में बहुत कम है। पिछले 10 दिनों में इन दोनों जिलों को सिर्फ 1100 मीट्रिक टन यूरिया मिली है,जबकि 6 हजार मीट्रिक टन की और आवश्यकता है।डिमांड और सप्लाई के बीच भारी अंतर के कारण किसानों को परेशानी हो रही है।डीएमओ तिवारी के अनुसार,6 दिन बाद सतना में यूरिया की एक रैक आई,जिसके बाद मंगलवार देर रात ढाई सौ मीट्रिक टन खाद की एक और रैक मिली। इस रैक से प्राप्त खाद को मार्कफेड,कॉपरेटिव सोसायटियों और निजी सेक्टर में भेजा जा रहा है। हालांकि,किसानों ने प्रशासन की नई वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि कलेक्टर, एसडीएम, उप संचालक कृषि और मार्कफेड के डीएमओ लगातार वितरण प्रणाली को सुधारने में लगे हुए हैं,लेकिन सप्लाई में देरी के कारण किसानों को मजबूरी में कतारें लगानी पड़ रही हैं। बुधवार को स्टॉक खत्म होने की वजह से जिन किसानों को टोकन मिले थे,उन्हें गुरुवार को खाद दी गई। इस संकट का सीधा असर किसानों की फसलों पर पड़ रहा है। यदि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया,तो खेती-किसानी को भारी नुकसान हो सकता है। प्रशासन और सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि वे जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करें और किसानों को राहत पहुंचाएं।

## खबर संक्षेप

### खाद की कमी को लेकर किसानों ने जताया विरोध

**मैहर।** किसानों को खाद न मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर कुछ किसान महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय में अपनी नाराजगी व्यक्त की,जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप कर मामले को शांत करना पड़ा। हरनामपुर कृषि उपज मंडी में भी यूरिया खाद के लिए किसानों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह 4 बजे से किसान टोकन के लिए परेशान थे,जिससे उनमें काफी गुस्सा था। बताया गया कि खाद वितरण का कार्य नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह और पटवारियों की उपस्थिति में किया गया।

### वार्ड-9 में बनी घटिया सड़क के भुगतान पर रोक लगाने की मांग

**मैहर।** नगर पालिका में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व पार्षद रमेश प्रजापति ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर वार्ड क्रमांक 9 में बनी सड़क के घटिया निर्माण की शिकायत की है। उन्होंने इस सड़क के भुगतान को रोकने और इसकी जांच कराने की मांग की है। प्रजापति ने बताया कि सड़क इतनी खराब बनी है कि अभी से कई जगहों पर धंसने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार घटिया काम करके जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने की अपील की ताकि सच सामने आ सके।

### वरिष्ठ समाजसेवी अशोक भाई डोलू का निधन

**मैहर।** वरिष्ठ समाजसेवी और व्यवसायी अशोक उर्फ डोलू भैया का 28अगस्त को जबलपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास,सीधी कॉलोनी में रखा गया है। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को सुबह 11 बजे गोपाल बाग मुक्तिधाम,हरनामपुर में किया जाएगा।उनके निधन पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई समेत कई गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया है।

### महर्षि कश्यप जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

**सतना।** महर्षि कश्यप जयंती गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। श्री वैश्य परिषद के नेतृत्व में, कश्यप चौक से गाजे-बाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर के अलग-अलग रास्तों से गुजरती हुई यह शोभायात्रा कशोधन धर्मशाला में समाप्त हुई। इस दौरान आकर्षक झांकियां सभी के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहीं। कई जगहों पर शोभायात्रा का फूलों की वर्षा करके स्वागत किया गया और प्रसाद बांटा गया। सुबह पुराना पावर हाउस से प्रभात फेरी भी निकाली गई,जो बाद में कशोधन धर्मशाला पहुँची। परिषद के पदाधिकारियों ने महर्षि कश्यप के योगदान और उनके वंश के बारे में जानकारी दी,जिन्होंने मानव समाज को सही दिशा दी। शोभायात्रा में श्री वैश्य परिषद के अलावा अन्य वैश्य समाज के लोग भी शामिल हुए,जिससे पूरा शहर जयकारों से गूंज उठा।

### समाजसेवी संस्थाओं पर जीएसटी अनुचित- लायन पवन मलिक ने वित्त मंत्री को भेजा पत्र

**सतना।** लायंस इंटरनेशनल,डि.3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक ने भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर यह निवेदन किया है कि लायंस क्लब जैसी समाजसेवी संस्थाओं को जीएसटी से मुक्त किया जाए। लायन पवन मलिक ने कहा कि लायंस क्लब से जुड़े सदस्य केवल समाजसेवा और सेवा गतिविधियों में भाग लेने के उद्देश्य से ही संगठन से जुड़ते हैं। इसके लिए वे स्वेच्छा से सदस्यता शुल्क (Member ship Fees) प्रदान करते हैं। यह शुल्क व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं,बल्कि पूर्णतः सेवा कार्यों के संचालन और समाजहित में व्यय किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में सदस्यता शुल्क पर जीएसटी लगाना अन्यायपूर्ण है और निःस्वार्थ भाव से काम करने वाली संस्थाओं पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डालता है। सदस्यता शुल्क पर कर लगाने से समाजसेवी संस्थाओं की सेवा गतिविधियाँ प्रभावित होंगी। अतः इन्हें जीएसटी के दायरे से बाहर रखना समाजहित में होगा। इस अवसर पर लायन पवन मलिक ने जोर देते हुए कहा कि सरकार से अपेक्षा है कि वह इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर समाजसेवा को प्रोत्साहन देने वाला निर्णय ले।

# शासकीय इंदिरा कॉलेज के सामने अतिक्रमण हटाया गया, अस्पताल रोड पर लगा रहता है जाम





**सतना।** शहर में शासकीय इंदिरा कॉलेज और सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के सामने सड़कों पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। पुलिस और नगर निगम की कथित उदासीनता के कारण यह समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है,जिससे मरीजों और कॉलेज छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच,एसडीएम राहुल सिलाडिया के निर्देश पर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने इंदिरा कॉलेज के सामने की सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम को देखते ही सड़क किनारे लगे ठेलों पर चाट-फुल्की, कपड़े, जूते,पर्स और मोबाइल एक्सेसरीज बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम ने चाट-फुल्की बेचने वालों के पास सड़क की पटरी पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करते हुए देखा। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सिलेंडर, स्टूल, बेंच और अन्य सामान जब्त कर लिया।यह कार्रवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण थी,क्योंकि इंदिरा कॉलेज के सामने दर्जनों ठेले लगने के कारण न केवल छात्राओं को आने-जाने में परेशानी होती थी,बल्कि उन पर फब्तियां कसने की शिकायतें भी प्रशासन और पुलिस को लगातार मिल रही थीं। इन शिकायतों के बाद महिला थाना प्रभारी और मोबाइल पुलिस टीम द्वारा कई बार कार्रवाई की गई थी। दूसरी ओर,शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से एक,सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के सामने भी अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन गया है। अस्पताल के गेट के ठीक सामने सब्जी और फल के ठेले लगने से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। खासकर एंबुलेंस और अन्य वाहनों को अस्पताल परिसर में प्रवेश करने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। मरीजों और उनके परिजनों को अक्सर पैदल चलने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस और नगर निगम को इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना चाहिए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं,बल्कि स्थायी रूप से होनी चाहिए ताकि सड़कों पर आवागमन सुचारू रूप से चल सके और आम लोगों को राहत मिल सके। प्रशासन को कॉलेज और अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों के आसपास अतिक्रमण को रोकने के लिए एक ठोस योजना बनाने की जरूरत है। केवल कार्रवाई करके छोड़ देने से समस्या का समाधान नहीं होगा,बल्कि इसके लिए नियमित गश्त और जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए ताकि शहर के लोग बिना किसी परेशानी के आवाजाही कर सकें।



## बादल देख तय होता है कि स्कूल खुलेगा या रहेगी छुट्टी


# स्कूल भवन ना होने से कभी चबूतरे तो कभी पेड़ के नीचे लगती है कक्षा

**सतना।** जिले में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से संसाधनों की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा की शिकार होती नजर आ रही है। कई स्कूल भवन विहीन है। जिसकी बानगी रैंगाव विधानसभा व नागौद विकास खंड क्षेत्र के शिवराजपुर गांव के शासकीय प्राथमिक शाला अहरी टोला में देखी जा सकती है जो 2009 से स्थापना के बाद से ही भवन ना होने से खुले मैदान तो कभी चबूतरे में लगती है। मिली जानकारी अनुसार यहां विद्यालय भवन स्वीकृत हुआ है पर पटवारी द्वारा शासकीय भूमि आरक्षित ना बताए जाने के कारण विद्यालय भवन के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके चलते बच्चों को कभी किसी खुले मैदान तो कभी चबूतरे मे बैठाकर पढ़ाया जा रहा है बारिश के पहले बादल देखकर अंदाजा लगाया जाता है कि बारिश होगी या नहीं बारिश होने के पहले ही बच्चों की छुट्टी कर दी जाती है भवन ना होने से बहुत कम बच्चे ही पढ़ते है अधिकांश नाम कटवाकर प्राइवेट स्कूलों में नाम लिखवा चुके है।

## महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली गई बाइक रैली

**मैहर।** महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में केशरवानी वैश्य समाज,मैहर द्वारा एक बाइक रैली निकाली गई।रैली की शुरुआत हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी शिव मंदिर से महर्षि कश्यप जी की पूजा-अर्चना के बाद हुई।यह रैली किला चौक,पुरानी बस्ती,घंटाघर,कटरा बाजार और स्टेशन रोड होते हुए चंडी देवी प्रांगण पर समाप्त हुई।इस दौरान केशरवानी वैश्य समाज और कशौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष और अन्य सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 5 दिन से जला है ट्रांसफार्मर, पेयजल और उमस भरी गर्मी से छात्रों सहित ग्रामीण परेशान



सतना।

नागौद के समीप हरदुआ उप विद्युत केंद्र के ग्राम सेमरवारा में स्थिति वीरांगना अवंती बाई लोधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरवारा के समीप स्थिति ट्रांसफार्मर को जेल 5 दिन हो गए लेकिन जिम्मेदारों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। मामले की सूचना संबंधित लाइनमैन और अधिकारियों को दी गई थी। बिजली ना होने की वजह से हायर सेकेंडरी में जहां बालक-बालिकाओं के पीने हेतु पानी की घोर समस्या खड़ी हो गई है 28 अगस्त से दो पालियों में शासन के निर्देशानुसार त्रैमासिक परीक्षा चल रही हैं। लाइट न होने की वजह से उमस भरी गर्मी के कारण बच्चों सहित ग्रामीण खासे परेशान है।

### गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के पीछे वाले रास्ते से मोटरसाइकिल पर जा रहे दो युवकों,कुलदीप पटेल 24 और मनीष पटेल 26 को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से 2 किलो 330 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और परिवहन में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त किए गए गांजे की कीमत 20,000 रुपये और मोटरसाइकिल की कीमत 70,000 रुपये बताई गई है।

# कांग्रेस नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की अगुवाई में हुआ पहला कार्यकर्ता सम्मेलन, टाउन हॉल में उमड़ा जनसैलाब

सतना।

नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी,अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाह 'डब्बू' और अरीफ़ इक़बाल सिद्दीकी के संयुक्त नेतृत्व में आज टाउन हॉल में पहला कार्यकर्ता सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में जिलेभर से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया,जिससे टाउन हॉल परिसर पूरी तरह से कांग्रेस कार्यकर्ताओं से खचाखच भर गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना,कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर रणनीति तैयार करना था। इस अवसर पर युवा कांग्रेस,एनएसयूआई,महिला कांग्रेस समेत सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

### प्रमुख वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में कई वरिष्ठ नेताओं और प्रमुख वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया, जिनमें शामिल थे पूर्व मंत्री सईद अहमद,पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, कांग्रेस नेत्री रश्मि पटेल,पूर्व जनपद अध्यक्ष रामपाल सिंह,रामनगर नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा मिश्रा,वरिष्ठ नेता मकसूद अहमद इन सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में कांग्रेस की नीतियों,जनहित के मुद्दों और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने और आने वाले चुनावों के लिए कमर कसने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन बेहद सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। सम्मेलन के अंत में,दोनों जिलाध्यक्षों ने सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं का धन्यवाद किया और यह सुनिश्चित किया कि सतना जिले में कांग्रेस संगठन को एक नई दिशा और ऊर्जा देने का काम लगातार जारी रहेगा।

## गणेश चतुर्थी का पर्व मैहर में धूमधाम से मनाया गया



**मैहर।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं और उनकी पूजा-अर्चना की गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी के निवास पर भी गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई,जहाँ उनके पुत्र द्वारा विधि-विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी और अन्य भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने गणपति भगवान का आशीर्वाद लिया और विघ्नहर्ता से सबके कल्याण की कामना की।

## ग्राम पंचायत बसाड़ी में 12 दिवसीय प्रशिक्षण का हो रहा आयोजन

# समूह की महिलाओं को सब्जी उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक अनुपम पाण्डेय के सहयोग से जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत बसाडी में स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का 12 दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतर्गत सब्जी उत्पादन के लिए पाली हाउस एवं शेड नेट एवं सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई तथा स्प्रिंकलर की जानकारी दी गई। कृषि के साथ सब्जी उत्पादन, फल-फूल एवं औषधीय पौधों की खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन, मशरूम उत्पादन, मछली पालन तथा वानिकी आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

## खबर संक्षेप

### शिक्षित बेरोजगारों को भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट फायनेंस द्वारा युवाओं को हर संभव राहत मिलने से अमानगंज क्षेत्र में हर्ष की लहर

**अमानगंज।** बीते लम्बे समय से पढे लिखे होनहार युवा वर्ग जो रोजगार की तलाश में भटक रहे थे, उन्हे हर संभव राहत दिलाने के उद्येश्य लेकर अमानगंज नगरीय ज्वाला देवी वार्ड नं. 04 निवासी भूपेश लखेरा के माध्यम से जे.के. सीमेंट द्वारा सर्पोटेड क्लब के तहत भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट फायनेंस द्वारा उम्र 18 से 35 वर्ष तक के बेरोजगार युवाओं को शासकीय बैंकों को व्यवसाय कार्य हेतु लोन दिलवाने में हर संभव सहायता मिलती है, उच्च शिक्षा प्राप्त भूपेश लखेरा के माध्यम से जमीनी स्तर पर गाँव, ग्रामवासी युवाओं को स्थायी सूक्ष्य लघु उद्यमों के निर्माण में भारतीय युवा वर्ग के बीच परामर्श व समर्थन करने का मूल्य उद्येश्य सावित हो रहा है। बीते दिवस मध्यप्रदेश राज्य पत्रित अधिकारी संघ पन्ना के आजीवन सदस्य/ जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पाण्डेय ने ज्वाला देवी प्रांगण में मीडिया को बताया है कि भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट फायनेंस के माध्यम से प्रतिवर्ष 35-40 युवा वर्ग लाभान्वित हाते है, जो ट्रस्ट के समर्थन व परामर्श द्वारा विभिन्न स्तर के उद्यमों के निर्माण व स्वयं के पैरों पर खडे होकर रोजी रोटी प्राप्त करने के साथ ही आम जन मानस की सेवा में अग्रसर है। उक्त सार्थक पहल स तहसोल मुख्यालय अमानगंज सहित पन्ना जिले की पृथक-पृथक 10 तहसील मुख्यालय, सहित पाँचों जनपद मुख्यालय से जुडे आम जनता जनार्दन को राहत मिल रही है। ऐसी स्थिति में पन्ना जिले के न्यायप्रिय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुरेश कुमार सहित शासन/प्रशासन तंत्र बधाई के पात्र है।

### मुख्यमंत्री के अमानगंज में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत लिया तैयारियों का जायजा



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने गुरूवार को गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया और आवश्यक तैयारियों का जायजा लेकर अधिकारी-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सभास्थल सहित हैलीपेड स्थल का अवलोकन भी किया गया। विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन एवं प्रस्थान के दौरान यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित पार्किंग स्थल, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की गई।

### आदि कर्मयोगी अभियान जिला स्तरीय ओरिएंटेशन मीटिंग आज

**पन्ना।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदि कर्मयोगी अभियान के राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वयन की प्रमुख पहल भी की गई है। इसका उद्देश्य अंतिम छोर तक सेवाओं के वितरण में गति लाना तथा जनजातीय विकास प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के लिए लोक अधिकारियों का एक उन्मुख संवर्ग तैयार करना है। भारत सरकार के प्राप्त निर्देशों के क्रम में आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में शुक्रवार, 29 अगस्त को सुबह 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन मीटिंग आयोजित की गई है। इस अवसर पर जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ मीटिंग में वर्चुअल शामिल होंगे।

# छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**पन्ना।**



कार्यालय निदेशक, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां वीणा वादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज के समय में कौशल विकास ही आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की सच्ची कुंजी है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाते हैं, बल्कि उनके लिए स्वरोजगार और रोजगार के नए द्वार भी खोलते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने विषय प्रवर्तन में योजना की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना का ध्येय केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित न रहकर छात्र-छात्राओं को कौशल-आधारित और रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. भारती खरे (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट) ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक युग में आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब युवा वर्ग मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल को निखारे। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुश्री सृष्टि त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक स्वरूप तभी सार्थक होता है जब वह पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यवहारिक जीवन के कौशल से जुड़ता है।



प्रशिक्षणदाता श्रीमती उपासना शर्मा (संचालक, कृष्णा ब्यूटी पार्लर) ने कहा कि सौंदर्यशास्त्र केवल एक कला ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने और आजीविका का साधन बनने का सशक्त माध्यम भी है। उद्घाटन दिवस पर उन्होंने थ्रेडिंग संबंधी जानकारी दी तथा छात्राओं को थ्रेड रनिंग का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली ढंग से डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन डॉ. पियूषा शर्मा ने किया। प्रशिक्षण के लिए 70 छात्राओं ने पंजीयन कराया और पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। इस उद्घाटन सत्र में सह-संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. पुष्पराज चौरसिया, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. रोशनी गुप्ता, अडॉ. प्रदीप रावत एवं रिसर्च स्कॉलर शालिनी दहायत के साथ बड़ी मात्रा में छात्राएं सम्मिलित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ इस गरिमामय उद्घाटन समारोह का समापन हुआ।



## आजीविका मिशन पवई परामर्श केंद्र का नवीन भवन में हुआ शुभारम्भ

### पवई विधायक ने फीता काटकर किया भवन का उद्घाटन

**पवई।** आजीविका मिशन पवई के अंतर्गत आजीविका ग्रामीण परामर्श केंद्र का शुभारंभ विधायक प्रहलाद लोधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पवई, नगर पंचायत अध्यक्ष पवई, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम राजस्व पवई, एसडीओपी पुलिस पवई, तहसीलदार पवई, थाना प्रभारी पवई सहित वरिष्ठ समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अजीविका ग्रामीण परामर्श केंद्र की स्थापना का उद्धेश्य ग्रामीण समूह सदस्यों को आवश्यक सुविधाएं एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है। जानकारी के अनुसार, विकासखंड पवई में 2300 स्व-सहायता समूह पंजीकृत हैं। ये समूह बैंकों से ऋण लेकर विभिन्न प्रकार की सामूहिक एवं व्यक्तिगत गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन आजीविका मिशन के जिला एवं ब्लॉक स्टाफ द्वारा किया गया।

# पन्ना जिले की मेन्हा ग्राम पंचायत को मिली दोहरी सफलता

### पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) 1.0 में थीम 1 और थीम 7 में हासिल किया प्रथम स्थान

**शाहनगर।**



पन्ना जिले की मेन्हा ग्राम पंचायत ने पंचायत उन्नति सूचकांक में थीम 1- गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका तथा थीम 7- सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत श्रेणियों में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह जी की प्रेरणादायक नेतृत्व भूमिका रही। उनके साथ-साथ कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय सिंह, जनपद पंचायत सीईओ श्री भगवान सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच, रोजगार सहायक, उपयंत्री सुरेंद्र सिंह, तथा पंचायत सचिव भोला प्रसाद यादव के संयुक्त प्रयासों ने इस सफलता को संभव बनाया। इन सभी अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर परिश्रम किया। यह उपलब्धि न केवल मेन्हा ग्राम पंचायत के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत है।

# गौशाला में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

**मोहन्द्रा**

मोहन्द्रा की सुरभि गौशाला में गुरुवार को पौधारोपण और कल्दा क्षेत्र के पक्षियों पर संकलन एक किताब का विमोचन हुआ. राष्ट्रीय खेल दिवस के एक दिन पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में औद्योगिक शिक्षण संस्था मोहन्द्रा में अध्यनरत छात्र छात्राओं को बैडमिंटन रैकेट और शटलकॉक भी प्रदान की गई. कार्यक्रम को जनपद पंचायत पवई की अध्यक्ष मोहिनी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण थोटा, कलेक्टर सुरेश कुमार, वन वृत्त संरक्षक छतरपुर नरेश सिंह यादव, पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने संबोधित कर वन, वन की उपयोगिता, वन्य जीव और उसके संरक्षण पर अपने विचार प्रकट किये. कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ उमाकांत सिंह मरावी, डीएफओ अनुपम शर्मा, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समीक्षा जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भावना सिंह, तहसीलदार सिमरिया सुमित तिवारी, वन परिक्षेत्राधिकारी अभय दुबे, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मोहन्द्रा के अधीक्षक रोहित श्रीवास, सरपंच मोहन्द्रा अरुण चौरसिया, सरपंच पड़वार प्रभुनाथ लोधी सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वन परक्षेत्राधिकारी नीतीश पटेल द्वारा किया गया।




## बलात्संग के आरोपीगणों को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।**

कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, अभियोक्त्री ने थाना कोतवाली में इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि वह बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा थी। वह आरोपी घनश्याम रजक के ऑटो से कॉलेज आया-जाया करती थी। कुछ दिन बाद उक्त आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया और मोबाइल नंबर लेने के बाद वह फोन करके व उसके सामने आने पर उससे प्यार करने की बातें करने लगा। अभियोक्त्री ने मना कर दिया, तब भी वह किसी न किसी तरीके से उसके नजदीक आने की कोशिश करता था। अभियोक्त्री ने डर और शर्म के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। इसके पश्चात उक्त आरोपी ने अभियोक्त्री का मोबाइल नंबर अपने दोस्तों विधि का उल्लंघन करने वाले बालक और आरोपी मान अली को दे दिया। इसके पश्चात उक्त दोनों के फोन अभियोक्त्री के पास आने लगे अभियोक्त्री के द्वारा मना करने पर अभियुक्त मान अली एवं विधि का उल्लंघन करने वाला बालक नहीं माने और अभियोक्त्री के द्वारा मना करने के बावजूद उसे ऑटो में बैठाकर पास के जंगल में ले गए। जंगल में आरोपी मनु उर्फ मान अली एवं विधि का उल्लंघन करने वाले बालक ने उसके साथ जबरन गलत काम किया। दिनांक 28.09.2022 को शाम के करीब 5:00 बजे अभियोक्त्री के पास मनु उर्फ मान अली का फोन आया कि आ जाओ फिर कहीं घूमने चलेंगे। अभियोक्त्री ने मना कर दिया, लेकिन मनु उर्फ मान अली उस पर आने का दवाब बना रहा था। उसके न मानने पर कुछ देर बाद आरोपी घनश्याम रजक का फोन आया और उसने अभियोक्त्री को चलने के लिए बुलाया। उसके मना करने पर फोन पर आवाज आयी कि दोपहर में उसके साथ जो घटना की गयी है, उसका उन लोगों ने वीडियो बना लिया है और यदि वह उनकी बात नहीं मानी तो वे वीडियो वायरल कर देंगे। बदनामी के डर से दोनों के साथ मोटर साइकिल में बैठकर चली गयी। वे उसे करीब 01 किमी. दूर जंगल में ले गए। आरोपी घनश्याम ने उसके साथ बुरा काम किया। इसके बाद आरोपीगण उसे छोड़कर चले गयें। अभियोक्त्री द्वारा उक्त घटना के बारे में अपने परिचय के लोगों को बतायी। तत्पश्चात उसने आरक्षी केन्द्र कोतवाली पन्ना में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। अभियोक्त्री के उक्त लिखित आवेदन के आधार पर अभियुक्तगण घनश्याम रजक, मनु उर्फ मान अली एवं विधि का उल्लंघन करने वाले बालक के विरूद्ध आरक्षी केन्द्र कोतवाली पन्ना में अपराध पंजीबद्ध किया गया। साक्षीगणों के कथन लेखबद्ध किये गये, घटनास्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान राजाराम भारतीय, सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्री सुनील द्विवेदी द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण- 1. मान अली उर्फ मनु अली 2. घन्श्याम रजक के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी मान अली उर्फ मनु अली को धारा 376डी भादंसं. में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50000/- रूपए का अर्थदण्ड, धारा 66ई आई.टी. एक्ट में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50000/- रूपए का अर्थदण्ड एवं आरोपी घनश्याम रजक उर्फ छोटू रजक को धारा 376(1) भादंसं. में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25000/- रूपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## मां तुझे प्रणाम योजना

## विकासखंड स्तर पर होगा दस-दस युवाओं का चयन

**पन्ना।**

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा मां तुझे प्रणाम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। राष्ट्रवाद की भावना से ओत प्रोत इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, सीमा में सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना इत्यादि है।

योजना में यात्रा के माध्यम से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचय कराने का अनुभव प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए विकासखंड स्तर पर दस-दस युवाओं का चयन होगा, जिसके तहत 5 युवक एवं 5 युवतियों का चयन किया जाएगा। 31 दिसम्बर 2026 की स्थिति में 15 से 25 वर्ष आयु के युवा मां तुझे प्रणाम योजना के तहत अनुभव यात्रा के लिए पात्र हैं। चयन प्रक्रिया के तहत एनसीसी, एनएसएस, खिलाड़ी, मेधावी छात्र एवं स्काउट की श्रेणी से एक-एक युवक एवं युवती का चयन किया जाएगा। इस अनुभव यात्रा के चयन के लिए युवाओं को निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट, जोखिम तथा संबंधित थाने से चरित्र प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक है। चयनित युवाओं को मात्र एक बार ही अनुभव यात्रा में भेजा जाएगा। असहमति प्रदान करने पर आगामी यात्रा में चयन नहीं किया जाएगा। युवाओं के चयन के लिए विकासखंड स्तर पर गत 25 अगस्त से आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुकजन आगामी 4 सितम्बर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विभाग की वेबसाइट पर भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पूर्व में अनुभव यात्रा पर भेजे गए युवाओं का चयन नहीं होगा। जिला स्तर पर 8 से 12 सितम्बर तक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा लॉटरी के जरिए युवाओं का चयन किया जाएगा। चयन में वरीयता का आधार भी निर्धारित है। सर्वप्रथम एनसीसी श्रेणी के आवेदक का चयन होगा। इसके उपरांत क्रमशः खेल, स्काउट, एनएसएस और मेधावी छात्र श्रेणी के मापदंड अनुसार मां तुझे प्रणाम योजना में युवा चयनित किए जाएंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए छत्रसाल स्टेडियम पन्ना स्थित विभाग के जिला कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## ऋत्विज शर्मा को राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार से किया गया सम्मानित


**पन्ना।**

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर गत दिवस भोपाल के ज्ञान विज्ञान भवन में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय शिविरार्थी एवं पन्ना के धाम मोहल्ला निवासी संचेत बहादुर शर्मा के पुत्र धामी ऋत्विज शर्मा को भी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऋत्विज महामति श्री प्राणनाथ जी की वाणी तुम सेवा से पाओगे पार को अपने जीवन में आत्मसात कर बचपन से ही सेवा कार्यों में अग्रणी रहे हैं। इन्होंने कोरोना काल में प्रशासन के साथ मिल कर लोगों की हर क्षेत्र में सहायता की। प्रवास कर रहे मजदूरों को भोजन उपलब्ध कराने से लेकर कोरोना पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराने में बढ़चढ़ कर प्रशासन का सहयोग किया। इसके अलावा रक्तदान के पुण्य कार्य में भी इनका विशेष सहयोग रहा। ऋत्विज ने स्वयं 10 बार रक्तदान किया है और सभी युवाओं को रक्तदान के लाभ बताकर उन्हें भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया, जिससे महामारी के समय मरीजों और अस्पतालों की काफी मदद हुई। स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण में भी इनका विशेष सहयोग रहा। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऋत्विज शर्मा को सत्र 2020-21 में अनुकरणीय सेवा के लिए 21 हजार रूपए सम्मान राशि, प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूर्व में इन्हें राजधानी भोपाल के कलेक्टर द्वारा स्वच्छता चौंपियन अवॉर्ड, कोरोना काल में सेवाएं देने हेतु कोविड 19 यूथ चौंपियन अवॉर्ड, नगर निगम भोपाल द्वारा सेवा सम्मान पत्र एवं महाविद्यालय द्वारा एनएसएस अचीवर अवॉर्ड समेत कई पुरस्कार दिए जा चुके हैं। विगत वर्षों में 2 बार राष्ट्रीय शिविर जयपुर राजस्थान एवं पुरी ओडिशा में प्रदेश का नेतृत्व भी किया है। राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में चयनित होकर अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।



### एक बच्ची की सारी जिम्मेदारियां ले चुकी है प्रदेश सरकार - विधायक राजेश वर्मा

## क्षेत्रीय विधायक ने अमानगंज क्षेत्र के स्कूलों में वितरित किया साइकिल





**अमानगंज।**

पन्ना जिले की विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर की तहसील अमानगंज अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक ने आज कई स्कूली संस्थानों में साइकिल वितरण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थितियों का साइकिलों का वितरण किया हाई स्कूल रामपुर और सिरी, गड़ोखर, कामताना आदि विद्यालय में आपने साइकिल वाटी उनके पिये द्वारा जारी प्रेस नोट में कहां गया कि आज आज गुनौर विधानसभा की ऊर्जावान विधायक राजेश वर्मा ने अमानगंज मंडल के अंतर्गत आने वाले स्कूल माध्यमिक शाला गड़ोखर, हायर सेकेंडरी कामताना संकुल केंद्र जन शिक्षा केंद्र कामताना, शासकीय हाई स्कूल सिरी एवं शासकीय हाई स्कूल रामपुर में साइकिल छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण की कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ की गई, तत्पश्चात छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। भाजपा सरकार ही ऐसी सरकार है जिसने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हर वह कदम उठाया है जिसकी आज तक कल्पना भी नहीं की गई थी। पढ़ाई के लिए बेटियों को साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है। निशुल्क लैपटॉप, स्कूटी, पुस्तकें और ड्रेस भी दी जा रही हैं। पहले समय में बेटियों को पढ़ाई से रोक दिया जाता था और उन्हें बोझ समझा जाता था। लेकिन आज, माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में बेटियाँ हर क्षेत्र में बेटों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। आज गांव-गांव की बेटियाँ शिक्षा के माध्यम से अपने परिवार, क्षेत्र और पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। यह सम्मान और अवसर भाजपा सरकार ने बहनों को दिया है, जो किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने कभी नहीं दिया। हम अपनी बेटियों से यही कहना चाहेंगे खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराओ। इस अवसर पर अमानगंज मंडल अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी सरपंच रामपुर अनिल पांडे रामलाल लखेरा रनमत सिंह कमलेश पांडे बारे राजा अमित द्विवेदी आनंद सिंह राजपूत राजदीप गोस्वामी प्रशांत अज्जू छिरोलिया उदय सिंह रामावतार पांडे रिंटू राजा लकी राजा चंदन पाठक अंकित मौर्य पार्षद खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य यश के द्विवेदी ओ पी राजपूत पदाधिकारी, कार्यकर्ता, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### तीज की पूजा में व्यस्त महिलाओं के घरों में चोरों का धावा

**चोरों ने ताले तोड़कर उड़ाए सवा लाख के जेवर**

**बमीठा।** थाना क्षेत्र के झमटुली गांव में एक बार फिर चोरी की वारदात ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाकर सवा लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। क्षेत्र में चोरियों की बढ़ती घटनाओं से लोग चिंतित हैं और पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार झमटुली निवासी हरिश्चंद्र पटेल के घर में चोरी की घटना हुई। जब चोरी हुई तब हरिश्चंद्र और उसके परिवार के सभी सदस्य तीज की पूजा के लिए मोहल्ले में गए थे। घर को सूना देखकर अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और लगभग सवा लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। रात को जब परिवार घर लौटा, तो उन्होंने ताले टूटे हुए पाए और सामान बिखरा हुआ देखा। चोर अपने पीछे जूते, प्लास और रिंच जैसे औजार छोड़कर फरार हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बमीठा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों पर अंकुश लगाने और इस मामले की जांच कर दोषियों को पकडऩे की मांग की है।

### कलशयात्रा के साथ श्रीगणेश महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ शुरू



**छतरपुर।** शहर के सागर रोड स्थित श्री श्री 1008 श्री महागणेश मंदिर में गणेशोत्सव के दौरान आयोजित श्री गणेशमहापुराण कथा का शुभारंभ गुरुवार को कलशयात्रा से हुआ। प्रथम दिन चित्रकूटधाम से पधारे कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र अवस्थी ने भगवान गणेश की महिमा का बखान किया। श्री गणेश महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ की सुरुआत गुरुवार की दोपहर लगभग 1 बजे कलशयात्रा से हुई। कलश यात्रा इंद्रप्रस्थ गार्डन के समीप स्थित शिवमंदिर से शुरू होकर श्री गणेश मंदिर प्रांगण में आकर समाप्त हुई।तत्पश्चात कलशपूजन गणेशमहापुराण पूजन के साथ कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ।कथा वाचक पंडित धर्मेंद्र अवस्थी ने भगवान गणेश की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ज्ञानरूपी गंगा में डूबने से मनुष्य तर जाता है उन्होने कहा कि भगवान गणेश की सरल भक्ति हमे जीवन जीने की कला सिखाती है।उन्होंने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भगवान गणेश की महिमा का वर्णन किया।कलशयात्रा में जहां महिलाएं कलश लेकर चल रही थी बही रामनाम मंडल के सदस्य का भजन भी लोगो को आकर्षित कर रहा था।

महागणेश मन्दिर के महंत धीरेंद्र विष्वकर्मा ने बताया कि 4 सितंबर तक चलने बाले कथा ज्ञानमृत की सुरुआत कलशयात्रा से हुई प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक गणेश महापुराण ज्ञानयज्ञ में पंडित धर्मेंद्र अवस्थी भगवान गणेश की महिमा का बखान करेगे कथा के उपरांत प्रतिदिन भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

### एडीएम एवं एएसपी ने जिला जेल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**छतरपुर।** छतरपुर अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिता डागर द्वारा संयुक्त रूप से विगत सोमवार को जिला जेल छतरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें संपूर्ण जेल का भ्रमण किया गया, बैरिक कमांक 3 की तलाशी करवाई गई। जिसमें किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्राप्त नहीं हुई, महिला वार्ड के निरीक्षण में महिलाओं के कौशल विकास एवं उनकी बच्चों को शिक्षा प्राप्त कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला के निरीक्षण में कैदियों के भोजन एवं मिलने वाले नास्ते की जानकारी प्राप्त की। मिलने वाला भोजन संतोष जनक पाया गया। जेल में निरूद्ध बंदियों की न्यायालयों से पेशी हेतु व्ही.सी. कक्ष का निरीक्षण किया गया। जिसमें 10 नवीन व्ही.सी.कक्ष पेशी हेतु बनाये गये है। बंदियों की मुलाकात कक्ष एवं टेलीफोन मुलाकात का जायजा लिया गया।

# महिलाओं के शराब पीने वाले बयान के विरोध में भाजपा ने जीतू पटवारी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए किया पुतला दहन

**नौगांव।**

गुरुवार को कोठी चौराहे पर भाजपा नौगांव नगर मंडल ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बयान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया ने कहा कि हरितालिका तीज जैसे पावन पर्व पर जब महिलाएं श्रद्धा और आस्था से निर्जला व्रत रखती हैं तब इस तरह का बयान देना मातृशक्ति का घोर अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महिलाओं के प्रति दूषित और संकीर्ण मानसिकता रखती है पटवारी को प्रदेश की सभी मातृ शक्तियों से माफी मांगनी चाहिए।



भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अभिलाषा शिवहरे ने कहा कि कांग्रेस को जीतू पटवारी को पद से तुरंत हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पटवारी का बयान शर्मनाक है कांग्रेस की यह सोच प्रदेश की महिलाएं कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्षद भारती साहू ने कहा देशभर में महिलाओं द्वारा शराब पीना और मध्यप्रदेश की महिलाओं द्वारा सर्वाधिक शराब का सेवन करने का बयान निंदनीय तथा अक्षम्य है।

भाजपा नेता अंजना राजपूत ने कहा की हरितालिका पर्व के दिन कांग्रेस के द्वारा मातृशक्ति का अपमान किया गया जो कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता दर्शाता हैं।

पुतला दहन में मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सोनकिया, सूरज देव मिश्रा,अभिलाषा शिवहरे, भारती साहू,अंजना राजपूत,मीरा सोनी, तृप्ति कठेल, किरन रैकवार, दिनेश अग्निहोत्री,दीपक दीक्षित,रूप किशोर पाठक, लव सुल्लेरे, डॉक्टर इंद्रपाल यादव, अनिल अहिरवार, जुगल पाठक, अरविंद नायक, हर्षित भदौरिया, शिवलाल अहिरवार सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बकस्वाहा महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं के खिलाफ एबीवीपी का हंगामा

**रिजल्ट गड़बड़ी और लापरवाही को लेकर प्रबंधन के खिलाफ सौंपा ज्ञापन**

**बकस्वाहा।** नगर के शासकीय नवीन महाविद्यालय में परीक्षा परिणाम और कॉलेज की व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। छात्रों का आरोप है कि परिणाम में भारी गड़बड़ी की गई है, कई विद्यार्थियों को जीरो अंक देकर फेल कर दिया गया और कुछ को अनुपस्थित तक दिखा दिया गया। इसके अलावा कॉलेज की अव्यवस्थाओं से भी छात्र लंबे समय से परेशान हैं, जिस पर प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में हंगामा किया और कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। नगर मंत्री राहुल प्रजापति और सहसंयोजक गौरव पटेल के नेतृत्व में पहुंचे छात्रों ने कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी प्रबंधन और प्रोफेसरों ने कोई कार्रवाई नहीं की। छात्रों ने आरोप लगाया कि शिक्षक समय पर क्लास में नहीं आते, पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते, बाथरूम जर्जर हालत में हैं और पीने के पानी तक की उचित व्यवस्था नहीं है। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं, प्राचार्य पुष्पा सामवेदी ने सफाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय में सभी क्लास नियमित रूप से लग रही हैं और विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण समय पर किया जा रहा है।

# निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस और अस्पताल पर लापरवाही के आरोप

**महाराजपुर।** थाना क्षेत्र के कुसमा गांव में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने इसे संदिग्ध करार देते हुए हत्या की आशंका जताई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि हादसे की सूचना समय पर न देकर मामले को दबाने की कोशिश की गई और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुसमा निवासी महेन्द्र पटैरिया के मकान में निर्माण कार्य चल रहा था, जहां मजदूरी कर रहे 24 वर्षीय रोहित रजक की दीवार गिरने से दबकर मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि घटना दोपहर एक बजे की है, लेकिन न तो रोहित को इलाज दिलाया गया और न ही पुलिस को सूचना दी गई। साथ में काम कर रहे मजदूर और मकान मालिक मौके से भाग गए। शाम को जब घरवालों को जानकारी लगी और वे महाराजपुर थाने पहुंचे तो पुलिस ने



उनकी बात सुनने के बजाय अभद्रता कर भगा दिया। यही नहीं, शव को पोस्टमार्टम कराने अस्पताल ले जाने पर वहां मौजूद डॉक्टर ने भी पीएम करने से इंकार कर दिया और अपमानित कर भगा दिया। इससे मृतक के परिजन घंटों न्याय के लिए भटकते रहे। आखिरकार घटना के करीब 20 घंटे बाद मीडिया के हस्तक्षेप पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मौके का निरीक्षण किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से मिली हुई है और मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

**दहशत और धमकियों ने छीन ली युवक की जिंदगी**

## धमकियों से तंग होकर उठाया आत्मघाती कदम, मिला सुसाइड नोट

**बमीठा।**

थाना क्षेत्र के झमटुली गांव में एक 21 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल पर मिले सुसाइड नोट के आधार पर यह सामने आया कि मृतक को पुलिस और कुछ लोगों की धमकियों ने इतना भयभीत कर दिया था कि उसने दहशत के चलते यह कदम उठाया। फिलहाल मामले की जांच शुरू हो चुकी है और परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक झमटुली निवासी भानू पुत्र मातादीन प्रजापति ने बीती रात अपने घर के एक बंद कमरे में लोहे के पाइप पर रस्सी से लटककर आत्महत्या कर ली। भानू ने मौत से पहले अपने दोस्त अरविंद अहिरवार के मोबाइल पर रात 11 बजे एक सुसाइड नोट भेजा था, जिसमें उसने बताया कि उसने 24 तारीख को विक्की शर्मा और उसकी कथित भाभी को वह छतरपुर से ललितपुर तक अपने वाहन से छोडऩे गया था। बाद में पुलिस और युवती के परिजनों ने उसे फोन पर धमकियां दीं। अगले दिन सुबह उसे थाने बुलाया गया। सुसाइड नोट में जिक्र है कि विक्की शर्मा ने जिस युवती को अपनी भाभी बताया था, असल में वह उसे भगाकर ले गया है, जिसकी जानकारी उसे नहीं थी। गांव के लोग भी बता रहे हैं कि भानू सीधा-सादा लड़का था और धमकियों से वह इतना डर गया कि उसने फांसी लगा ली। बहरहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमॉर्टम के लिए राजनगर भेजा। दोपहर बाद मृतक के परिजनों, रिश्तेदारों और गांव के लोग शव को लेकर बमीठा थाने पहुंचे, जहां दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित आवेदन दिया गया। इस दौरान कुछ देर तक हंगामा भी किया गया।

# ओबीसी आरक्षण के लिए कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी

**छतरपुर।** गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण से जुड़े लंबित प्रकरणों के समाधान के लिए जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल को ज्ञापन भेजने की प्रक्रिया पूरी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय में लगे बेरीकेट पार कर अंदर दाखिल हुए और जोरदार नारेबाजी की।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गगन यादव ने किया। उन्होंने बताया कि 08.03.2019 को राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था। इस अध्यादेश को एक छात्रा ने न्यायालय में चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय ने सीमित अंतरिम आदेश जारी किया। तत्पश्चात 14.08.2019 को विधान सभा में संशोधन अधिनियम पारित किया गया। गगन यादव ने कहा कि आज तक इस अधिनियम पर उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय ने कोई



स्थगन आदेश नहीं दिया है, अतः यह कानून शिक्षा और रोजगार दोनों क्षेत्रों में प्रभावी है। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 70 याचिकाएँ सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं, जिनमें अधिकांश याचिकाएँ ओबीसी वर्ग द्वारा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दायर की गई हैं। गगन यादव ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि तत्काल अधिसुचना वापस ली जाए, जिससे ओबीसी वर्ग को उसका विधि सम्मत लाभ मिल सके और अधिकांश समस्याएँ समाप्त हो जाएँ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टूटी पुलिया में गिरा वाहन, मां-बेटे की मौत

**महाराजपुर।** थाना क्षेत्र में विक्रमपुर रोड पर ग्राम पुतरी के पास बनी पुलिया के टूटे होने से बड़ा हादसा हो गया। दरअसल बीती रात राजनगर से महाराजपुर आ रहे दोपहिया वाहन के पुलिया में गिर जाने से मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने थाना पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया बरसात में ही बह गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने समय पर इसका निर्माण शुरू नहीं किया, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। घटना में राजनगर निवासी रोहित पुत्र मुन्नालाल चौरसिया उम्र 21 वर्ष और उसकी मां संध्या चौरसिया उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में परिवार की केवल एक छोटी बच्ची ही बची है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बरसात के समय ही पुलिया बह जाने की खबर दी गई थी, लेकिन अधिकारियों ने अनदेखी की, जिसकी वजह से यह दुर्घटना घटी।



# अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया युवक



**छतरपुर।** जिले के थाना बमनौरा पुलिस ने सौंरई तिराहा प्रतीक्षालय के पास अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर देशी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है। बमनौरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिशिर तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सूर्य प्रताप सिंह उर्फ बीपी सिंह परमार पुत्र देवेंद्र सिंह परमार निवासी ग्राम मवई थाना बमनौरा का नाम पहले से मारपीट और एससी-एसटी प्रकरणों में भी शामिल था। पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण के दौरान सौंरई तिराहा रामटौरिया पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पाकर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी का अवैध हथियार के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है और उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# शासकीय कार्य में बाधा डालने वाला रेत कारोबारी गिरफ्तार



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध रेत के परिवहन और शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से प्रयुक्त महिंद्रा ट्रैक्टर और ट्राली बरामद की। थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया कि बीते रोज ग्राम बृजपुरा की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर और ट्राली को खनिज टीम ने रोककर आवश्यक दस्तावेज मांगे थे। आरोपियों ने दस्तावेज दिखाने से इनकार किया और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गए। खनिज टीम की रिपोर्ट के आधार पर थाना सिविल लाइन में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी उपेंद्र यादव पुत्र अवध प्रसाद यादव निवासी छत्रसाल नगर छतरपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्यवाही की गई और विवेचना जारी है।

# पर्यटन नगरी में घटिया निर्माण से बढ़ी लोगों की परेशानी

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के पटेलन पुरवा वार्ड 12 में नगर परिषद की लापरवाही लोगों की मुसीबत बढ़ा रही है। दरअसल यहां कुछ समय पहले बनाई गई नाली घटिया निर्माण के कारण टूट गई है। नाली के टूटने से रास्तों पर पानी भरने लगा है, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है और बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने कई बार नगर परिषद में आवेदन दिया, लेकिन अभी तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया। लोगों का आरोप है कि जब वे समस्या बताने नगर परिषद पहुंचते हैं तो वहां न तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिलते हैं और न ही अध्यक्ष। नाराज लोगों का कहना है कि यदि पर्यटन नगरी खजुराहो के हालात ऐसे हैं, तो छोटे गांवों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।



# शास. एवं निजी कॉलेज एक हफ्ते में छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों का निराकरण करें: कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग मनोज अहिरवार, डीईओ अरुण शंकर पांडे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति के नोडल उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के समस्त नोडल से दो सत्रों में लंबित आवेदनों की समीक्षा की। जिसमें कलेक्टर श्री जैसवाल ने शासकीय कन्या पीजी कॉलेज छतरपुर के नोडल के बहुत अधिक आवेदन लंबित होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। जिसमें कृष्णा यूनिवर्सिटी के अधिक आवेदन लंबित होने पर एक हफ्ते में निराकरण कराने के निर्देश दिए और कहा जो भी अपात्र है उन्हें रिजेक्ट करें। उन्होंने कहा लंबित आवेदनों के निराकरण नहीं करने और रुचि नहीं लेने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।इसके साथ ही कलेक्टर ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, शासकीय आईटीआई छतरपुर, शास. पॉलिटेक्निक कॉलेज नौगांव, शास. बापू महाविद्यालय नौगांव, शास.कॉलेज लवकुशनगर, शास. कॉलेज राजनगर, डाइट कॉलेज नौगांव को भी लंबित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए और कहा कि जो भी छात्र अपात्र हैं उन्हें रिजेक्ट कर पेंडेंसी क्लियर करें।कलेक्टर ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रों के आवास भत्ते के लंबित आवेदनों में नोडल महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, शासकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज छतरपुर, शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव को आवासों को वेरिफाई कराकर लंबित आवेदनों का निराकरण कराने के निर्देश दिए और यह भी निर्देश दिए कि जिन संस्थाओं के आवेदन लंबित हैं, उनके साथ मीटिंग कर पेंडेंसी क्लियर कराएं।कलेक्टर ने अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग के एमपी टास पोर्टल पर पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए नोडल पीजी गर्ल्स कॉलेज को निर्देश दिए कि श्री कृष्णा यूनिवर्सिटी जाकर उनके साथ मीटिंग कर समीक्षा करें और वेरीफाई हेतु लंबित आवेदनों को पेंडेंसी क्लियर करें और ना करने पर लिखित कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजें। इसके साथ ही छत्रसाल यूनिवर्सिटी, शास.कॉलेज बड़ामलहरा, शास पॉलिटेक्निक नौगांव, एवं शास आईटीआई नोडल को भी छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए।साथ ही कलेक्टर ने कहा कि एमपी टास पर छात्रवृत्ति के भुगतान का जो भी इश्यू है, उसका भी जल्द निराकरण कराएं। और कलेक्टर ने सभी नोडल प्राचार्यों को निर्देश दिए को एलाइड प्राइवेट कॉलेजेस की छात्रवृत्ति की पेंडेंसी जल्द क्लियर कराएं।कलेक्टर ने एससी एसटी वर्ग के छात्रों की एमपी टास पोर्टल पर प्रोफाइल पेंडेंसी की भी समीक्षा की। जिसमें एमपी टास पोर्टल पर राजनगर बीईओ के प्रोफाईल बनाए जाने के लिए सत्र 2024-25 के अधिक लंबित होने पर जल्द से जल्द प्राफाईल बनाने के निर्देश दिए और चंद्रनगर संकुल प्राचार्य को बहुत कम छात्रों की प्रोफाईल बनाई गई एवं कार्य में रुचि नहीं लेने पर विभागीय जांच प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने सत्र 2023-24 में छतरपुर के अधिक प्रोफाईल पेडेंसी को भी जल्द क्लियर कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एमपी टास पर प्रोफाईल बनाने में आने वाली समस्याओं के लिए अभियान चलाकर आधार कार्ड संशोधन एवं अन्य समस्याओं हेतु कैम्प लगाने के निर्देश दिए और कहा कि छात्रों के आधार कार्ड एवं शिक्षा विभाग के जन्मतिथि का डाटा मिस्मैच होने से काई भी छात्र छात्रवृत्ति से वंचित ना रहे। कलेक्टर ने शासकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज के छतरपुर के प्राचार्य, नवीन कॉलेज बक्सवाहा के प्राचार्य, बीईओ लवकुशनगर को अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। शास. कॉलेज राजनगर को लंबित आवेदनों होने एवं जानकारी न होने पर शोकॉज एवं गंज संकुल प्राचार्य द्वारा एमपी टास पोर्टल पर लंबित प्रोफाइल के संबंध में जानकारी ना देने पर शोकॉज जारी करने के निर्देश।

## स्नेह-आशीष अभियान में हर गर्भवती के घर तक पहुंचे अधिकारी : कमिश्नर
## ई केवाईसी और एफआरएस की 12 सितम्बर तक शत-प्रतिशत फीडिंग कराएं

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि परियोजना अधिकारी और सुपरवाइजर क्षेत्र का भ्रमण करके आंगनवाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। आंगनवाड़ी केन्द्रों के समय पर खुलने, पोषण आहार वितरण और बच्चों की अच्छी उपस्थिति सुनिश्चित करें। यदि आंगनवाड़ी केन्द्र 25 दिन से कम खुला पाया गया तो संबंधित पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। आंगनवाड़ी केन्द्र से टीएचआर का नियमित रूप से वितरण कर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें। कमिश्नर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग दोनों के लिए गर्भवती महिलाएं एवं बच्चे हितग्राही हैं। दोनों विभाग मिलकर इनके स्वास्थ्य रक्षा के प्रभावी उपाय करें। गर्भवती महिलाओं के घरों का भ्रमण कर महिलाओं तथा परिवारजनों को साफ-सफाई एवं उचित पोषण के संबंध में समझाइश दें। गर्भवती महिला के साथ स्वयं भोजन करें। उनके भोजन में यदि कोई कमी है



तो उसे दूर करने के उपाय बताएं। हाईरिस्क तथा एनिमिक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा पर विशेष ध्यान दें। इनके प्रसव की तिथि से एक सप्ताह पूर्व इन्हें अस्पताल में बर्थ वेटिंग हाल में भर्ती करा दें। ऐसे इलाके जिनमें पहुंचना कठिन है उनकी गर्भवती महिलाओं को भी एक सप्ताह पूर्व प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा परियोजना अधिकारी घर में उपलब्ध और आसानी से खरीदे जाने वाले पोषण आहार की सूची प्रत्येक गर्भवती महिला को दें। इनमें दालें, मूंगफली, गुड़, भुना चना, मौसमी फल, हरी सब्जियाँ, मोटा अनाज, मुनगा, नींबू आदि को अवश्य शामिल करें। कमिश्नर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग करते समय उन्हें इस बात पर जोर दें कि अच्छा और पौष्टिक भोजन करने से उनका बच्चा स्वस्थ होगा। उसके परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करें। सभी अस्पतालों में प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को स्त्रीरोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच की जाती है। अपने क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ दें। कमिश्नर ने कहा कि जो आंगनवाड़ी केन्द्र किराये के भवनों में संचालित हैं उन्हें आसपास उपलब्ध सरकारी भवनों में शिफ्ट करने का प्रयास करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भर्ती में अभिलेखों की ठीक से जाँच करें। इसके संबंध में दर्ज आपत्तियों का पूरी सुनवाई के बाद निराकरण करें। कमिश्नर ने कहा कि ई केवाईसी और एफआरएस की जानकारी दर्ज करने में सभी जिले बहुत पीछे हैं। विशेष प्रयास करके 15 सितम्बर तक ई केवाईसी और एफआरएस का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें। समय सीमा का पालन न होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों के वजन और लम्बाई की सही माप करके पोषण का स्तर दर्ज करें। अति कुपोषित और कम पोषित बच्चों का पोषण स्तर बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। कम पोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराएं। इन बच्चों का नियमित फालोअप करें। बैठक में कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन एवं ग्राम मंगल स्वास्थ्य दिवस के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त संचालक शशि श्याम उइके ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी रीवा नयन सिंह, सतना राजीव सिंह, सीधी तथा मऊगंज प्रवेश मिश्रा, सिंगरौली जितेन्द्र गुप्ता, मैहर राजेन्द्र कुमार तथा सभी परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नशीली दवा की बिक्री करने वाले आरोपियों को पकड़ा

रीवा।

जिले में नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र और सिटी कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाईयों में नशीली दवाओं की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को दबोचा है। इन मामलों में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं, कफ सिरप और नशीले कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है जिसकी तलाश जारी है। रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक को रोका, जिस पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। भागते हुए आरोपियों में से एक को घेराबंदी कर मौके पर ही पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरुण बंसल पिता बाबूलाल बंसल निवासी रीवा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड कैप्सूल के 38 पत्ते बरामद किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2900 रुपये बताई जा रही है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।बॉक्स कबाड़ी मोहल्ला से नशीली कफ सिरप व गोलियां जब्तइसी कड़ी में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई करते हुए कबाड़ी मोहल्ला क्षेत्र में दबिश दी। मंगलवार को की गई इस रेड में एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर हिरासत में लिया गया। उसकी पहचान मिथुन लोनिया पिता भगवानदास लोनिया के रूप में हुई है। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली, तो उसके कब्जे से 27 शीशी नशीली कफ सिरप और करीब 300 नग प्रतिबंधित गोलियां बरामद हुईं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी इन दवाओं की आपूर्ति स्थानीय स्तर पर कर रहा था और नशे के आदी युवाओं तक यह सामग्री पहुंचाता था। इस पूरे मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए विशेष अभियान 25 अगस्त से 5 सितम्बर तक चलेगा अभियान

रीवा।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय संगठित व असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। शासन द्वारा गिग/प्लेटफार्म वर्कस जैसे जोमेटो, स्विगी, ईंट श्योर, फूड पांडा, अमेजोन, फ्लिपकार्ट, बिग बॉस्केट, ग्रोफर, जेप्टों, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राइस, मेट्रो, डी-मार्ट, ओला, उबर, जुगनू, रेपिडो आदि में कार्य करने वाले ऐसे कर्मचारियों को इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना से जोड़ा गया है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग/प्लेटफार्म वर्कस को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गई है। इसके अलावा उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि गिग / प्लेटफार्म वर्कस के ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर पंजीयन के लिए 25 अगस्त से 05 सितम्बर तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। पंजीयन ऑनलाइन लिंक https://register-eshram-gov-in/#/user/self के माध्यम से स्वयं रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

### सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

**कटनी।** जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में गुरुवार 28 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### गणेशोत्सव पर्व में ननि करेगा विशेष व्यवस्था

**कटनी।** गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर 27 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक नगर निगम सीमांतर्गत विभिन्न स्थानों, चौराहों में शहर के नागरिकों, समितियों द्वारा भगवान गणेश जी प्रतिमा स्थापना एवं विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी।

## क्योंटी प्रपात में डूबीं मां-बेटी का शव बरामद, सिरमौर थाना क्षेत्र के क्योटी जलप्रपात की घटना

रीवा

जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र में तीज त्योहार के दिन नहाने गई मॉ और बेटी क्योटी जलप्रपात के गहरे पानी में डूब मंगलवार की शाम करीब 4 बजे डूब गई थी। जिनका शव बुधवार सुबह प्रपात की गहराइयों में तलाशा गया। कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 4 बजे डीआरसी टीम त्योथर ने दोनों के शव को रेस्क्यू कर बाहर निकलावया जिसके बाद उन्हे पीएम के लिए भिजवाया गया। तीज के दिन हुई घटना के बाद त्योहार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गई । सिरमौर थाना क्षेत्र के क्योटी में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे दुलहरा निवासी मॉ और बेटी महाना नदी में नहाने गई थी, इसी दौरान अचानक फूलवती सोधिया 45 का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। मां को डूबता देख, उसे बचाने के लिए बेटी कृषा सोधिया 20 भी पानी में कूद गई। जलप्रपात में



पानी का बहाव बहुत तेज था। मां और बेटी दोनों ही बहाव में फंस गई और देखते ही देखते गहरे कुंड में समा गई। अपनी आंखों के सामने मां और बेटी को बहता देख अन्य महिलाओं ने शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव के कारण उन्हे नहीं बचायाजा सका। घटना के बाद सिरमौर पुलिस मौके पर पहुंची थी। बुधवार की सुबह परिजन प्रपात में नीचे उतरे मां और बेटी के शवों की तलाश शुरू कर दी कुछ ही देर में मां बेटी का शव मिल गया। इसके बाद ग्रामीणों और एसडीआरफ की टीम ने दोनों के शव को बाहर निकलवाया। जिसके बाद सिरमौर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है। थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।बॉक्सखदान में डूबी महिला का शव बरामदइधर खदान में डूबी महिला का भी शव बुधवार की सुबह पुलिस ने बरामद कल लिया। चोरहटा थाने के मरहा गांव निवासी श्यामवती यादव पति ददानी (65) मंगलवार की सुबह भी घर से नहाने के लिए खदान में गई थी, जो वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खदान में डूबने की आशंका पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस एसडीआरएफ टीम की मदद से सर्चिंग कर रही थी। बुवार की सुबह महिला का शव स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

## प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह की माता जी का निधन, अंतिम संस्कार के लिए प्रयागराज ले जाया गया

रीवा ।

नवस्वदेश के ब्यूरोचीफ एवं प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय सिंह की माता सुमित्रा सिंह का 83 वर्ष की उम्र में उनके निज निवास उर्रहट में निधन बुधवार सुबह अंतिम संस्कार के लिए प्रयागराज ले जाया गया पार्थिव शरीर ले जाया गया है। स्वर्गीय सुमित्रा सिंह के निधन पर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला सांसद जनार्दन मिश्रा विधायक नागेंद्र सिंह गिरीश गौतम दिव्यराज सिंह सिद्धार्थ तिवारी महराज पुष्पराज सिंह रामपुर बघेलान के विधायक विक्रम सिंह चुरहट विधायक अजय सिंह सीधी विधायक रीति पाठक दैनिक भास्कर ब्यूरो चीफ रमाकांत दुवेदी



राकेश मिश्रा विजय गुप्ता धनंजय तिवारी बृजेश दुवेदी नव भारत के ब्यूरो चीफ डॉ रवि तिवारी पत्रिका जबलपुर के संपादक राजेन्द्र सिंह गहरवार दैनिक जागरण के संपादक देवेंद्र सिंह, दैनिक पब्लिक वाणी के ब्यूरो चीफ नितिन प्रताप सिंह पत्रकार धीरेन्द्र तिवारी धीरु आईएनडी न्यूज़ चैनल के ब्यूरो सुशील चतुर्वेदी स्टार समाचार के ब्यूरो चीफ रामाशंकर मिश्रा व सोनू तिवारी हरेंद्र सिंह तेज खबर पुष्पेन्द्र गुप्ता हीरो नव स्वदेश के पत्रकार वीरेन्द्र सिंह पप्पू दादा राजेश सिंह अशोक सिंह पत्रकार सरोज तिवारी विजय वर्मा गया प्रसाद श्रीवास पूर्व प्रचार राजेंद्र सिंह पत्रकार ऋषभ पांडे प्रांशु देवेंदर द्विवेदी विंध्य भारत नियाज खान देशबंधु अंबर निगम टिल्लू पाठक अनिल त्रिपाठी विंध्य भारत राज नारायण मिश्रा सुभाष श्रीवास्तव सकेत श्रीवास्तव अजय खरे गुरमीत सिंह मंगू श्री प्रकाश तोमर सहित अन्य लोगों ने गहरा दुख प्रकट करते शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया शमशेर सिंह तेज प्रताप सिंह शैलू यादव शनि सरदार दादू तिवारी ।

## मध्यान्ह भोजन के नियमित वितरण व गुणवत्ता का संबंधित अधिकारी निरीक्षण करें : कलेक्टर

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में सर्व शिक्षा अभियान पीएम पोषण योजना, खाद्यान्न उपलब्धता एवं मध्यान्ह भोजन वितरण की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि विद्यालयों में वितरित होने वाले मध्यान्ह भोजन के नियमित वितरण के साथ ही गुणवत्ता का संबंधित अधिकारी भ्रमण कर निरीक्षण करें तथा मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि डीपीसी, बीआरसी सहित मध्यान्ह भोजन प्रभारी व क्वालिटी मानीटर सप्ताह में पांच दिन विद्यालयों का भ्रमण करें तथा नियमित व गुणवत्तापूर्ण वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन वितरित करने वाले स्वसहायता समूहों का ओरियेंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित करें। सभी विद्यालयों में स्वसहायता समूह ही एमडीएम का वितरण करें। रायपुर कर्चुलियान में महिला स्वसहायता समूह का प्रस्ताव शेष रहने पर



बीएसी को निलंबित करने तथा बीआरसी को नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। पीएम पोषण कार्यक्रम में नियमित निरीक्षण न किये जाने पर बीआरसी सिरमौर व रायपुर कर्चुलियान को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अन्तर्गत विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्य पूर्ण न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने तीन दिवस में शेष विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये। बैठक में विद्यालयों के जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों को तत्काल गिराये जाने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया तथा ऐसे भवनों में कक्षाएँ संचालित न करने के निर्देश दिये गये। विद्यालयों में शौचालय मरम्मत कार्य भी समीक्षा के दौरान रीवा एवं गंगेव जनपद में प्रगति कम रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा सर्व शिक्षा अभियान के उपयंत्री का वेतन काटने के निर्देश दिये गये। इस दौरान व्हीईआर सर्वे करने तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश भी दिये गये। बैठक में साइकिल वितरण व पाठ¬ पुस्तक वितरण की समीक्षा के दौरान पाठ¬ पुस्तकों के शत प्रतिशत वितरण के निर्देश दिये गये तथा विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन की जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीपीसी विनय मिश्रा, समस्त बीआरसी, उपयंत्री, सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारी, कर्मचारी तथा जिला पंचायत एसडीएम प्रभारी राकेश शुक्ल उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बिना नंबर के सड़क पर दौड़ रही बाइकों की शुरू की जांच

रीवा।

जिले में निरंतर हो रही अपराधिक घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रमुख रूप से बिना नंबर की मोटरसाइकिलों को टारगेट करते हुए भारी संख्या में मोटरसाइकिल जप्त की गई है। पकड़े गए वाहनों के दस्तावेजों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस के साथ ही समान, विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग की जा रही है। बताया गया कि शहरी क्षेत्र के विश्वविद्यालय थाने में सर्वाधिक मोटरसाइकिल जप्त की गई। अभियान के संबंध में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि बिना नंबर के मोटरसाइकिल में निरंतर हो रही अपराधिक घटनाओं को देखते हुए अभियान चलाया जा रहा है।

विशेष रूप से त्योहार के समय आपराधिक तत्व सक्रिय होते हैं और महिलाओं को लूट और ठगी का शिकार बनाते हैं इसके लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर धार्मिक स्थलों का सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है, साथ ही संदिग्धों को पकड़ा जा रहा है।28/08/2025, 8:03pm - ऋषभ पांडे रीवाः तीन माह पूर्व सिरमौर चौराहा ओवरब्रिज के ऊपर हुई लुट के तीसरे आरोपी गिरफ्तार रीवा । शहर के अमहिया थाना पुलिस ने तीन माह पूर्व सिरमौर चौराहा ओवरब्रिज के ऊपर हुई लुट के तीसरा आरोपी गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर तीन माह पूर्व हुई चैन स्नेचिंग के तीसरे आरोपी को पकड़ा । वायदे फरियादिया मंजुला पटेल निवासी रतहरा रीवा द्वारा दिनाक 1.06.25 को थाना में रिपोर्ट की गई की सिरमौर चौराहा ओवरब्रिज के ऊपर स्कूटी से जाते समय एक अज्ञात मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति आए और मेरे गले में पहनी हुई सोने की चैन को छीन कर भाग गए, रिपोर्ट पर थाना अमहिया रीवा में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना दौरान प्रकरण के दो विधि विरुद्ध किशोरों को पूर्व में पकड़ा जाकर न्यायालय में पेश किया जा चुका था । प्रकरण के तीसरे आरोपी हर्ष विश्वकर्मा उर्फ गोलू पिता मोतीलाल विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पनगड़ी चौकी लाल गांव थाना गढ़ जिला रीवा जिसने चैन खरीदा था को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मेउनि शिवा अग्रवाल, उनि आर.एन. बागरी, आर. विकाश तिवारी, आर. कौशलेंद्र सिंह, आर. विवेक सिंह, आर. अनुज सिंह , प्र.आर. रामसखा वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## रीवा-व्योहारी-टेटका मार्ग में टोल वसूली आरंभ

**रीवा ।** मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा नवनिर्मित सड़क रीवा-व्योहारी-टेटका मार्ग में 16 अगस्त से टोल वसूली आरंभ कर दी गई है। संभागीय प्रबंधक एमपीआरडीसी ने बताया कि ग्राम करकी में निर्मित टोल प्लाजा के माध्यम से स्वीकृत दरों के अनुसार टोल वसूल किया जा रहा है।

### आवागमन होगा सुलभ, जनता को मिलेगी राहत

## मऊगंज विधायक के प्रयासों से चौरा घाट निर्माण कार्य को मिली रफ्तार


**मऊगंज।** जिले के बहुप्रतीक्षित चौरा घाट निर्माण कार्य को लेकर अब राहत भरी खबर सामने आ रही है। विधायक प्रदीप पटेल के सतत प्रयासों एवं पहल के चलते वर्षों से अधूरा पड़ा यह निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर अग्रसर है।वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।विधायक ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि, "चौरा घाट का निर्माण कार्य मऊगंज क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकास परियोजना है, इसके पूर्ण होने से आमजन को आवागमन में अत्यधिक सुविधा मिलेगी और स्थानीय व्यापार को भी गति मिलेगी।"इस मौके पर चीफ इंजीनियर आर. एल. वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने स्थल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री नितिन पटेल, एसडीओ राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपयंत्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, संविदाकार श्री संजय सिंह, गंगा



पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई और ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाते हुए उच्च गुणवत्ता बनाए रखी जाए। साथ ही तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।स्थानीय जनता ने विधायक प्रदीप पटेल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित इस परियोजना के पूरा होने से मऊगंज क्षेत्र की स्थिति में सकारात्मक बदलाव आएगा। आवागमन सुगम होगा, जिससे न केवल दैनिक जीवन आसान होगा, बल्कि आपात स्थितियों में भी राहत मिलेगी। चौरा घाट का निर्माण कार्य अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा और मऊगंज की जनता को बहुप्रतीक्षित सुविधा मिलने लगेगी।

## मऊगंज व हनुमना महाविद्यालयों में आउटसोर्स भर्ती घोटाले का आरोप, कलेक्टर से की गई जांच की मांग!

**मऊगंज।** जिले के मऊगंज और हनुमना महाविद्यालयों में हुई आउटसोर्सिंग भर्ती पर गंभीर अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इस संबंध में अधिवक्ता जितेन्द्र शुक्ला ने जिले के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।शिकायत में कहा गया है कि दोनों महाविद्यालयों में अलग-अलग पदों पर हुई नियुक्तियों में प्रत्येक अभ्यर्थी से पाँच लाख रुपये तक की अवैध वसूली की गई। कई वास्तविक और योग्य आवेदक



केवल पैसे की मांग पूरी न कर पाने के कारण बाहर कर दिए गए। आरोप यह भी है कि नियुक्तियों में केवल कॉलेज स्तर के अधिकारियों और दलालों के जरिए पैसों का लेन-देन हुआ, जिसके कारण पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।वर्तमान में लगे अधिकांश पदाधिकारियों की नियुक्ति कथित रूप से रिश्वत के दम पर हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि यह भ्रष्टाचार शिक्षा व्यवस्था को कलंकित करने वाला है और छात्रों के भविष्य से सीधा खिलवाड़ है।अधिवक्ता शुक्ला ने मांग की है कि मऊगंज और हनुमना महाविद्यालयों में हुई भर्तियों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और पहले से हुई नियुक्तियों को निरस्त कर पूरी प्रक्रिया को दोबारा पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाए।शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, कमिश्नर रीवा संभाग और अतिरिक्त संचालक रीवा को भी भेजी गई है।

## रीवा से अंबेडकर नगर के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का तोहफ़ा, 27 सितंबर से 25 अक्टूबर तक हर शनिवार को रीवा से चलेगी, रविवार को अंबेडकर नगर से वापसी

हरिभूमि, रीवा।

रीवा से अंबेडकर नगर के लिए जिलेवासियों को साप्ताहिक ट्रेन मिल गई है। पूजा स्पेशल के नाम से इस ट्रेन का संचालन 27 सितंबर से 25 अक्टूबर तक के लिए किया जा रहा है। रेलवे ने इस पूजा स्पेशल ट्रेन के लिए जो समय सारिणी जारी की है, उसके अनुसार यह स्पेशल ट्रेन 27 सितंबर से हर शनिवार रात 10.20 बजे रीवा से अंबेडकर नगर के लिए रवाना होगी, जो अगले दिन अपरान्ह सवा 3 बजे अंबेडकर नगर पहुंचेगी। साथ ही यह पूजा स्पेशल ट्रेन 28 सितंबर से 26 अक्टूबर तक अंबेडकर नगर से हर रविवार रात 9.20 बजे रीवा के लिए रवाना की जाएगी। जो अगले दिन दोपहर डेढ़ बजे रीवा पहुंचेगी। रीवा-पुणे रैक का उपयोग रीवा-अंबेडकर नगर के बीच पूजा स्पेशल के लिए किया जा रहा है। गौरतलब है कि रीवा से हर




शनिवार रात 10.20 बजे भोपाल स्पेशल ट्रेन रवाना होती है। जिससे माना जा रहा है कि पूजा स्पेशल ट्रेन के संचालन में बदलाव किया जाएगा।बॉक्सइन स्टेशनों पर होगा ठहरावपूजा स्पेशल ट्रेन का ठहराव सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, संत हृदयाराम, सिहोर, शुजालपुर, मक्सी, देवास और इंदौर स्टेशन में होगा।बॉक्स18 यात्री कोच होंगेरीवा से अंबेडकर नगर के लिए चलने वाली पूजा स्पेशल ट्रेन में कुल 18 यात्री कोच होंगे। बताया गया है कि पूजा स्पेशल ट्रेन में 4 जनरल, 6 स्लीपर, 3 थर्ड एसी, 3 थर्ड एसी ईकोनामी और 2 सेकंड एसी कोच होंगे।